## सार समाचार

### निकारागुआ में भूकंप के झटके

**मांगुआ, रायटर।** मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ की राजधानी मांगुआ में आज भूकंप के झटके महसूस किए गए जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.8 दर्ज की गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक इसका केन्द्र राजधानी मांगुआ से 12 किलोमीटर दूर उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र में सतह से 26 किलोमीटर नीचे स्थित था। निकारागुआ की सरकार ने कहा कि इससे तत्काल नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### आतंकवाद के आरोप में 14 को फांसी

**रियाद, रायटर।** सऊदी अरब की एक अदालत ने शिया मुसलमानों के क्षेत्र कातिफ में आतंकवाद के आरोप में 14 नागरिकों को फांसी की सजा सुनायी है। यह खबर आज सऊदी अरब के अल अरेबिया टेलीविजन ने दी है। सऊदी अरब ने जनवरी में 49 लोगों को फांसी दी थी जिनमें 45 सुन्नी आतंकवादी तथा चार शिया मुसलमान शामिल थे। यह सजा कातिफ में विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर हमले के आरोप में दी गयी थी।

### उ.कोरिया पर चीन से बात करेगा अमेरिका

**वाशिंगटन, वार्ता।** अमेरिका उत्तर कोरिया की परमाणु महत्वाकांक्षा के बारे में चीन से बात करेगा और उसे इन अस्त्रों के निर्माण से रोकने के उपाय पर चर्चा करेगा। चीन के साथ चर्चा के दौरान उत्तर कोरिया पर और अधिक दबाव बढ़ाने के बारे में भी बात होगी।

### जर्मनी में 3 पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार

**लंदन, वार्ता।** जर्मनी की पुलिस ने पाकिस्तान के तीन नागरिकों को महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह जानकारी कल अधिकारियों ने दी। जर्मनी की 18 महिलाओं ने पाकिस्तानी नागरिकों के विरूद्ध एक संगीत समारोह में दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था।

## विश्व समाचार / कूटनीति

# मोदी, ओबामा में गहरा व्यावहारिक रिश्ता

## शीर्ष अमेरिकी थिंक टैंक ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ मोदी के रिश्ते इतिहास को देखते हुए आश्चर्यजनक।

**वाशिंगटन ■ भाषा**

एक समय था जब लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंध बनाने में हिचकते थे लेकिन दो वर्ष के भीतर उनकी शख्सियत ऐसी हो गयी है कि उनसे हर कोई संबंध बनाने के लिए लालायित है। एक शीर्ष अमेरिकी थिंक टैंक ने अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ प्रधानमंत्री की बैठक के एक सप्ताह पहले यह बात कही। कार्नेगी एंडोमेंट के एश्ले टेलिस ने कहा, प्रधानमंत्री बनने के बाद राष्ट्रपति (ओबामा) के साथ उनकी संभवतः यह सातवीं बैठक होगी।



कोई भी देश जो अमेरिका का औपचारिक सहयोगी नहीं है उसके शासनाध्यक्ष के साथ बैठक के मामले में संभवतः यह मोदी और ओबामा दोनों के लिए एक रिकार्ड होगा। अगले सप्ताह के सात जून को व्हाइट हाउस में ओबामा-मोदी की बैठक से पहले व्हाइट हाउस के संवाददाताओं के एक समूह से टेलिस ने कहा, यह व्यक्तिगत रिश्ते के बारे में बात करता है, जो दोनों के बीच पिछले दो वर्षों में विकसित हुई है और अमेरिका के साथ मोदी के इतिहास को देखते हुए यह आश चर्यजनक है। अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री आठ जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त सभा को संबोधित करेंगे। कार्नेगी के मिलन वैष्णव ने टेलिस से सहमति जताते हुए कहा कि मोदी में आए व्यक्तिगत बदलाव उल्लेखनीय हैं। वैष्णव ने कहा, दो वर्ष पहले तक कानूनी मुद्दे को लेकर मोदी अमेरिकी धरती पर पैर नहीं रख सके थे और अब अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त सभा को संबोधित करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि ये कुछ ऐसा ही है कि एक व्यक्ति जिसे कल तक कोई संपर्क नहीं बनाना चाहता था आज उससे संपर्क स्थापित करने के लिए सभी लालायित हैं। दो वर्षों के शासन के दौरान विदेश नीति को लेकर पूरे अंक देते हुए टेलिस ने कहा कि किसी खास विफलता की पहचान मुश्किल है और पाकिस्तान और नेपाल ही दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां उनकी नीति थोडी कमजोर पडती दिख रही है।

### चाबहार पर अमेरिका ने नहीं की भारत से शिकायत

अमेरिका के एक शीर्ष थिंक टैंक ने कहा है कि पिछले सप्ताह कुछ सीनेटरों की ओर से चिंता जताने के बावजूद ओबामा प्रशासन ने भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए हुए हालिया समझौते पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस के एश्ली टेलिस ने मंगलवार को कहा, क्योंकि यह भारत और ईरान के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए परियोजना जारी रहेगी चाहे अमेरिका कुछ भी कहे। उन्होंने अगले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले व्हाइट हाउस के संवाददाताओं से कहा, मैं नहीं मानता कि प्रशासन ने चाबहार में भारतीय निवेश पर किसी भी तरह की कोई शिकायत की है। टेलिस ने एक सवाल के जवाब में कहा, मेरा मानना है कि निश्चित तौर पर ऐसे सीनेटर और लोग हैं जो खास तौर पर न सिर्फ भारत और ईरान के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर, बल्कि ईरानी शासन के मजबूत होने को लेकर भी चिंतित हैं तथा इसका कुछ एजेंडा ऐसा हो सकता है जो मददगार न हो। लेकिन यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां भारत ने शुरू से ही व्यापक स्वतंत्रता का प्रदर्शन किया है।

उन्होंने उल्लेख किया, मेरा मानना है कि भारत को उस समझौते पर आगे बढ़ने से रोकने की हमारी क्षमता काफी धीमी है। पाकिस्तान से होकर गुजरने वाली वर्तमान लाइन से परे अफगानिस्तान और मध्य एशिया के लिए एक वैकल्पिक संचार लाइन स्थापित करने में भारतीयों और ईरानियों का संयुक्त हित है। टेलिस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तालिबान नेता मुल्ला मंसूर के मारे जाने से पाकिस्तान को एक संदेश गया है कि यदि इस्लामाबाद अधिक अनुकूल भूमिका नहीं निभाता तो अमेरिका कुछ चीजें एकतरफा कर सकता है। उन्होंने कहा, चाहे इससे पाकिस्तान के प्रति अमेरिकी नीति में बदलाव झलकता है, लेकिन मेरा मानना है कि यह कहना अभी जल्बाजी होगा। टेलिस ने यह भी कहा कि अमेरिकी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि इस बारे में सीमाएं हैं कि जिससे वे पाकिस्तान को अफगानिस्तान में भारतीय गतिविधियों के बारे में पुनः आश्वस्त कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में जब पाकिस्तानी उस तरह काम नहीं कर रहे जिस तरह अमेरिका चाहता है तो ओबामा प्रशासन के भारत से यह कहने की संभावना नहीं है कि वह अफगानिस्तान में अपनी विकास गतिविधियां रोक दे। टेलिस के अनुसार मोदी भारत के लाभ के लिए अमेरिका से संबंध चाहते हैं। वह अमेरिका के लिए चीयरलीडर नहीं बनने जा रहे।

## ब्रसेल्स में विदेशी छात्रों की संख्या घटने की संभावना

**ब्रसेल्स ■ आईएएनएस**

बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में मार्च में हुए आतंकवादी हमलों के बाद विदेशी छात्रों का डर का माहौल है और वे पढ़ाई के लिए ब्रसेल्स जाने को लेकर तमाम आशंकाओं से घिरे हुए हैं, जिसे देखते हुए यहां के विश्वविद्यालयों ने साल 2016-17 सत्र के लिए विदेशी छात्रों की आमद में गिरावट आने का अनुमान जताया है।

बेल्जियम के प्रसारणकर्ता 'आरटीबीएफ' के अनुसार, राजधानी ब्रसेल्स स्थित व्रीजी यूनिवर्सिटीट ब्रसेल में 'एक्चेंज प्रोग्राम' के लिए आवेदन देने वाले छात्रों की संख्या में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। एएफएस के आंकड़ों के मुताबिक, आगामी 2016-17 सत्र के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 10 प्रतिशत आवेदन रद्द हुए हैं। अधिकांश अभिभावकों ने ब्रसेल्स में 22 मार्च को हुए आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा हालातों को लेकर चिंता जताई है। हालांकि फ्री यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रसेल्स के 8,000 विदेशी छात्रों में से किसी ने भी बेल्जियम छोड़ने के लिए आवेदन नहीं दिया है। ब्रसेल्स के जेवेंतम हवाई अड्डे और मीलबीक मेट्रो स्टेशन में 22 मार्च को हुए आत्मघाती हमलों में 32 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 300 अन्य घायल हो गए थे।

## अवैध प्रवेश के विरुद्ध चेतावनी

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तानी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेज के पाकिस्तान में प्रवेश नहीं करने की चेतावनी दी है और इसके लिए उसने अफगानिस्तान की तोरखम से लगी सीमा पर लाउडस्पीकरों से मुनादी भी करानी शुरू कर दी है। यह जानकारी अधिकारिक सुरक्षा सूत्रों ने दी है। पाकिस्तान के सीमावर्ती लंडी कोटल में स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा गार्डो ने कल तोरखम की सीमा पर अफगानिस्तानी नागरिकों को अवैध प्रवेश के विरूद्ध चेतावनी दी और उन्होंने लाउडस्पीकरों से उन्हें आगाह किया।

## ट्रंप पर बरसे अमेरिकी प्रेस क्लब के अध्यक्ष

**वाशिंगटन ■ आईएएनएस**

अमेरिकी नेशनल प्रेस क्लब के अध्यक्ष थॉमस बर्र ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की गई टिप्पणी को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की तीव्र आलोचना की है। ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार माने जा रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन के दौरान ट्रंप की मंगलवार को पत्रकारों पर की गई टिप्पणी के जवाब में बर्र ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप गलत समझते हैं या अधिक संभावना है कि लोकतांत्रिक समाज में प्रेस की जो स्वतंत्र भूमिका है, उसका विरोध कर रहे हैं। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि पुराने गुटों की ओर से उनके चंदा जुटाने के प्रयासों को



मिट्टी में मिला देने के लिए पत्रकारों को खुद को शर्मिंदा मानना चाहिए। बर्र ने कहा, संवाददाताओं से अपेक्षा की जाती है कि सार्वजनिक हस्तियों को जवाबदेह बनाए रखे। कोई भी अमेरिकी राजनीतिक उम्मीदवार जो प्रेस की आजादी पर हमला करता है, वह गलत देश में प्रचार कर रहा है। अमेरिका में संविधान के तहत सभी राजनीतिक दलों के नेताओं पर आजाद प्रेस एक अंकुश है। पॉलिटिको की खबर के अनुसार, ट्रंप जब मंगलवार को ट्रंप टॉवर में संवाददाताओं से बात कर रहे थे तब उन्होंने बार-बार संवाददाताओं को 'बेईमान लोग' कहा और एक पत्रकार को 'फूहड़' करार दिया। फरवरी में इस अरबपति राजनेता ने चेतावनी दी थी कि यदि वह राष्ट्रपति चुने गए तो ऐसे कानून बनाएंगे जिससे सरकारी अधिकारियों को मीडिया के खिलाफ मुकदमा करना आसान हो जाए। बाद में मंगलवार को ही ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में अपने संभावित प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवारी की दौड़ में आगे चल रहीं हिलेरी क्लिंटन पर मीडिया के और सवालों का जवाब नहीं देने को लेकर हमला बोला था।

## नाइजीरिया में प्रदर्शन, गोलीबारी में 10 मरे

**जोहान्सबर्ग ■ वार्ता/डेस्क**

नाइजीरिया में अलग राज्य की मांग को लेकर हो रहे प्रदर्शन के दौरान पुलिस की गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग तब की जब इंडीजीनस पीपुल ऑफ बायफ्रा (आईपीओबी) संगठन के सदस्य प्रदर्शन के दौरान निगरानी के लिए तैनात सुरक्षाबलों पर हमले कर दिए। हालांकि संगठन ने पुलिस के इस आरोप से इनकार किया है। पुलिस प्रवक्ता चार्ल्स मुका ने बताया, शांतिपूर्ण प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए हमने सुरक्षा अधिकारियों को तैनात किया था लेकिन हम तब चौंक गए जब लोग हिंसक हो उठे। प्रवक्ता ने बताया कि ओनित्शा में पांच शवों को बरामद किया गया है, जबकि पड़ोसी राज्य डेल्टा की राजधानी असाबा में भी पांच प्रदर्शनकारियों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि इमो, इबोनयी, आबिया और रिवर्स राज्य की राजधानी में भी हिंसा की घटनाएं हुई है।

आईपीओबी के प्रवक्ता अनायो चुकवू-ओकपोरा ने संगठन के सदस्यों द्वारा पुलिस अधिकारियों पर हमला करने के आरोप से इंकार किया है और कहा कि अनाम्बरा राज्य की राजधानी ओनित्शा के एक कॉमर्शियल हब में हुई फायरिंग में समूह के कम से कम 35 सदस्यों की मौत हो गयी है। सभी लोग 30 मई 1967 में बायफ्रा को स्वतंत्र गणराज्य की घोषणा किए जाने की 49वीं वर्षगांठ के मौके पर इग्बो जनजाति के लोगों के लिए अलग राज्य की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।

## सितंबर में होगा महासागरीय सम्मेलन

**वाशिंगटन, भाषा।** अमेरिका के विदेश मंत्री जॉन केरी समुद्री प्रदूषण और समुद्र पर जलवायु परिवर्तन के पड़ने वाले प्रभावों से निपटने के लिए यहां सितंबर में आयोजित होने वाले तीसरे हमारा महासागर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। एक आधिकारिक घोषणा के अनुसार 16 सितंबर से शुरू हो रहे दो दिवसीय सम्मेलन में विश व भर के नेताओं के हिस्सा लेने की संभावना है। समझा जा रहा है कि केरी ने विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के इस सम्मेलन में हिस्सा लेने की इच्छा जाहिर की है।

## स्पेन में धूम्रपान से 60,000 लोगों की मौत

**मैड्रिड, आईएएनएस।** स्पेन में एक साल के भीतर धूम्रपान का सेवन करने वाले 60,000 लोगों को मौत हुई है। इनमें 1,500 से 3,000 ऐसे व्यक्ति शामिल थे, जो पैसिव स्मोकर्स (धूम्रपान का सेवन करने वालों के प्रभाव में आने वाले व्यक्ति) थे। स्पैनिश साइंटिफिक सोसाइटी फॉर स्टडीस ऑन एल्कोहल, एल्कोहलिज्म एंड अदर एडिक्शन (सोसीड्रोगाल्कोहल) द्वारा किया गया।

## यूरो कप पर आतंकी हमले का साया

**वॉशिंगटन ■ वार्ता/डेस्क**

फ्रांस में होने जा रहे यूरो कप 2016 पर आतंकी हमले का साया मंडरा रहा है। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि आतंकी यूरो कप के दौरान हमला कर सकते हैं। अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा, गर्मी के महीनों में काफी संख्या में सैलानी यूरोप जा रहे हैं। ऐसे समय में यह आतंकियों के निशाने पर हो सकता है। अलग-अलग जगहों पर 10 जून से 10 जुलाई के बीच यूरो कप 2016 का आयोजन किया जाना है। पैरिस में यूरो कप के दौरान 10 लाख से अधिक विदेशी दर्शकों के आने की संभावना है। अमेरिकी नागरिकों के लिए जारी किए गए ट्रैवल अलर्ट में यूरोप पर आतंकी हमले की आशंका जताई गई है। पिछले साल फ्रांस पर आतंकी हमला हो चुका है। कथित तौर पर इस्लामिक स्टेट के हमले के बाद से ही फ्रांस में आपातकालीन हालात हैं। फ्रांस में एक साथ स्टेडियम, कॉन्सर्ट हॉल, बार और रेस्तरां पर हुए हमले में 130 लोग मारे गए थे, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इसके बाद मई में एक और यूरोपीय देश और फ्रांस के पड़ोसी बेल्जियम पर भी आतंकी हमला हुआ था। ब्रसल्ज के एयरपोर्ट और मेट्रो स्टेशन पर आत्मघाती हमला किया गया था। ऐसे हमलों की आशंका केवल यूरो कप के दौरान ही नहीं बल्कि फ्रांस की विश्व प्रसिद्ध साइकल रेस टूर डे फ्रांस और पोलैंड में होने वाले कैथोलिक चर्च के यूथ डे क्राको पर भी हमले की आशंका जताई गई है।


**VINAYAK VANIJYA LIMITED**

Registered Office : 216 B, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi-110019,
Website: vinayakvanijya.com, Phone: 011-4367 5500, Email id: vvanijya1985@gmail.com,
CIN : L52110DL1985PLC020109

**Extract from the Audited Financial Results for the Quarter and year ending 31st March, 2016 (In Lacs)**

Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016 — Amt. In Lakh

| Particulars | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Dec-15 Unaudited | 31-Mar-15 (Audited) | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Mar-15 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. Total Income from Operations (net) | 5.77 | 1.20 | 3.40 | 6.97 | 3.40 |
| 2. Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax and Minority Interest | 0.81 | 0.65 | -2.92 | 0.37 | -6.14 |
| 3. Net Profit / (Loss) for the period after tax and Minority Interest (after Extraordinary Items) | 4.04 | 0.65 | -2.91 | 3.60 | -5.67 |
| 4. Paid Up Equity Share Capital | 99.60 | 99.60 | 99.60 | 99.60 | 99.60 |
| 5. Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the BalanceSheet of previos year) | 87.27 | - | - | 87.27 | 83.67 |
| 6. Earning Per Share (E.P.S.) | 0.40 | 0.07 | -0.29 | 0.36 | -0.57 |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items: | 0.40 | 0.07 | -0.29 | 0.36 | -0.57 |
| Basic & Diluted EPS after Extraordinary items: | 0.40 | 0.07 | -0.29 | 0.36 | -0.57 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Annual Financial Results are available on the Stock Exchange's website at a link as (http://www.bseindia.com/corporates) and on the Company's Website at a link at www.vinayakvanijya.com

On Behalf of the Board of Directors
For Vinayak Vanijya Limited
Sd/-
Samita Gupta
(Director)
DIN : 00132853

Place : New Delhi
Date: 30th May 2016

**BASANT INDIA LIMITED**

R.O: 912, Indraprakash Building, 21 Barakhamba Road, New Delhi 110001
Email Id: basant.indiaa@gmail.com, Website: www.basantindia.in, Tel. No. 011 23716531
CIN: U51909DL1985PLC021396

**Extract of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016**

(In Lacs except EPS)

| Particulars | Year ended 31.03.2016 (AUDITED) | Year ended 31.03.2015 (AUDITED) | 3 months ended in the previous year 31.03.2015 (AUDITED) |
|---|---|---|---|
| Total Income from Operations (Net) | 1.05 | 58.81 | 58.72 |
| Net profit / (Loss) from ordinary activities after tax | -21.68 | -2.49 | 4.35 |
| Net profit / (Loss) for the period after tax (After Extraordinary items) | -21.68 | -2.49 | 4.35 |
| Equity Share Capital | 1031.50 | 1031.50 | 1031.50 |
| Reserve (excluding reveluation reserve as shown in the balance sheet in previous year) | -709.60 | -707.11 | - |
| Earning per Shares (before extra ordinary items) (of Rs 10 /- each ) | | | |
| Basic and Diluted: | -0.21 | -0.02 | 0.04 |
| Earning per Shares (after extra ordinary items) (of Rs 10/- each ) | | | |
| Basic and Diluted: | -0.21 | -0.02 | 0.04 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results are available on Stock Exchange websites. (http://www.msei.in/markets/Equity/Get-Quotes/default.aspx?symbol=BASANT&series=EQ)
2. The above Audited financial results for the quarter and year ended on 31.03.2016 have been reviewed by the Audit committee of the board and have been apporved by the Board at their meeting held on 30.05.2016
3. There are no Separate Reportable Segment in terms of Accounting Standard AS-17 "Segment Reporting issued by the Institute of Chartered Accountants of India.
4. Previous period figure has been regrouped/rearranged wherever necessary.

For Basant India Limited
Sd/-
Sushil Aggarwal
Managing Director
DIN: 00144736

Place: New Delhi
Date : 31.05.2016

**KUWER INDUSTRIES LIMITED**

R.O: D-1004 FIRST FLOOR, NEW FRIENDS COLONY NEW DELHI DL 110065
Email Id: investor.kuwer@gmail.com, Website: www.kuwer.com, Tel. No. 011-2580088
CIN: L74899DL1993PLC056627

**Extract of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016**

(In Lacs except EPS)

| Particulars | Year ended 31.03.2016 (AUDITED) | Year ended 31.03.2015 (AUDITED) | 3 months ended in the previous year 31.03.2015 (AUDITED) |
|---|---|---|---|
| Total Income from Operations (Net) | 3057.38 | 2344.91 | 669.48 |
| Net profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 13.96 | 11.19 | 2.40 |
| Net profit / (Loss) for the period after tax (After Extraordinary items) | 14.75 | 11.19 | 2.40 |
| Equity Share capital | 907.61 | 907.61 | 907.61 |
| Reserve (excluding reveluation reserve as shown in the balance sheet in previous year) | 791.29 | 776.54 | 444.34 |
| Earning per Shares (before extra ordinary items) (of Rs 10 /- each ) | | | |
| Basic and Diluted: | 0.17 | 0.12 | 0.49 |
| Earning per Shares (after extra ordinary items) (of Rs 10/- each ) | | | |
| asic and Diluted: | 0.17 | 0.12 | 0.49 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results are available on Stock Exchange websites. (http://www.bseindia.com/stock-share-price/kuwer-industries-ltd/kuwerin/530421/)
2. The above Audited financial results for the quarter and year ended on 31.03.2016 have been reviewed by the Audit committee of the board and have been apporved by the Board at their meeting held on 30.05.2016
3. There are no Separate Reportable Segment in terms of Accounting Standard AS-17 "Segment Reporting issued by the Institute of Chartered Accountants of India.
4. Previous period figure has been regrouped/rearranged wherever necessary.

For Kuwer Industries Limited
Sd/-
Tarun Aggarwal
Whole Time Director
DIN: 01320462

Place: New Delhi
Date : 30.05.2016

**SHINEWELL LEASING LIMITED**

Registered Office: 216 B, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi – 110019,
Website: shinewellleasing.com, Phone: 011 – 4367 5505, Email id: shinewell1984@gmail.com
CIN : L65910DL1984PLC019329

**Extract from the Audited Financial Results for the Quarter and year ending 31st March, 2016 (In Lacs)**

Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016 — Amt. In Lakh

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Dec-15 Unaudited | 31-Mar-15 (Audited) | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Mar-15 (Audited) |
| 1. Total Income from Operations (net) | 3.42 | 0.11 | 0.11 | 3.75 | 0.45 |
| 2. Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax and Minority Interest | 1.22 | -0.41 | -1.26 | 0.03 | -2.98 |
| 3. Net Profit / (Loss) for the period after tax and Minority Interest (after Extraordinary Items) | 8.20 | -0.41 | -1.10 | 7.06 | -2.38 |
| 4. Paid Up Equity Share Capital | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 5. Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the BalanceSheet of previos year) | -9.60 | 0.00 | -16.66 | -9.60 | -16.66 |
| 6. Earning Per Share (E.P.S.) | 3.29 | -0.16 | -0.44 | 2.83 | -0.96 |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items: | 3.29 | -0.16 | -0.44 | 2.83 | -0.96 |
| Basic & Diluted EPS after Extraordinary items: | 3.29 | -0.16 | -0.44 | 2.83 | -0.96 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Annual Financial Results are available on the Company's Website at a link at www.shinewellleasing.com

On Behalf of the Board of Directors
For Shinewell Leasing Limited
Sd/-
Ranjit Singh
(Director)
DIN : 07524007

Place : New Delhi
Date: 30th May 2016

केंद्रीय सरकार के समक्ष,
उत्तरी क्षेत्र

कंपनी अधिनियम, 2013, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (6)(ए) के मामले में

तथा

**ऐथर अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय **एफ-76, 7 फ्लोर, हिमालय हाउस, कनॉट प्लेस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001** में है के मामलें में

....आवेदक

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को ''दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र' से अरूणाचल प्रदेश के राज्य'' में परिवर्तित करने के लिए 20 मई, 2016 को आयोजित आवेदक कंपनी की 01/16-17 असाधारण सामान्य बैठक के माध्यम से पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि के लिए कंपनी द्वारा केंद्रीय सरकार, उत्तरी क्षेत्र, के पास कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।


कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के प्रस्ताव द्वारा यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता हो, तो वह अपने हित की प्रकृति तथा आपत्ति के कारणों के साथ एक शपथ-पत्र द्वारा समर्थित लिखित में अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक द्वारा, इस सूचना के प्रकाशन से 14 (चौदह) दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, 2 फ्लोर, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली -110003 के पास जमा कराएं और उसकी एक प्रति इसके पंजीकृत कार्यालय के उपर्युक्त पते पर आवेदक कंपनी को उपलब्ध कराएं।

कृते और बोर्ड की ओर से
ऐथर अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
(करन शर्मा)
निदेशक
DIN- 02745926


तिथि: 1 जून, 2016
स्थान: नई दिल्ली

पता – यूनाइटेड ब्रदर्स डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड
ए-सेक्टर, नाहरलगुन, 791110, अरूणाचल प्रदेश

सोना (रुपए/10 ग्राम) 29,000 ▲ 150
चांदी (Rs/1 KGS ) 38760 ▲ 140




BSE-26,713.93 ▲ 45.97




NSE-8,179.95 ▲ 19.85

सेंसेक्स 45.97 अंकों की तेजी के साथ 26,713.93 पर और निफ्टी 19.85 अंकों की बढ़ोतरी के साथ 8,179.95 पर बंद हुआ।

समाचार : आर्थिकी, बाजार

# मानसून, जीएसटी से दौड़ेगी आर्थिकी


### केंद्रीय वित्त मंत्री को आस कि मॉनसून सही रहे और जीएसटी भी पास हो जाए तो आर्थिकी और तेजी से दौड़ पड़ेगी।

**तोक्यो** ■ भाषा

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बुधवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में तेजी का रुख बना है। आगे अच्छे मानसून, जीएसटी पास होने और इंफ्रा एवं ग्रामीण इलाकों पर ज्यादा खर्च से आर्थिक वृद्धि की रफ्तार और तेज होगी। आर्थिक वृद्धि के मंगलवार को जारी ताजा आंकड़ों में दुनिया में भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली आर्थिकी माना गया है।

उन्होंने कहा कि वृद्धि तेज करने वाली नीतियों से सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर जनवरी-मार्च तिमाही में उम्मीद से बढ़कर 7.9 प्रतिशत रही है। 2015-16 के पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही। ये अचानक आए आंकड़े नहीं हैं। इसके विश्लेषण से आर्थिकी में दर्ज मजबूती जाहिर होती है।

उन्होंने कहा कि आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों के उत्पादन की वृद्धि दर अप्रैल में 8.5 प्रतिशत रही। ऐसा रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली के



उत्पादन में तेजी के मद्देनजर हुआ। उन्होंने कहा, 'पिछले दो साल में हालात हमारे खिलाफ थे .. पूरी दुनिया में नरमी थी और हमारे यहां लगातार दो साल सामान्य से कम बारिश हुई।' ऐसे में लागे हैरत में हैं कि भारत ने दुनिया में कैसे सबसे तेज गति से वृद्धि दर्ज की है। जेटली ने आर्थिक वृद्धि के आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'आने वाले दिनों में दिनों में सुधार प्रक्रिया जारी रहेगी। उम्मीद है कि संसद के आगामी मानसून सत्र में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विधेयक पास हो जाएगा जिसमें आर्थिक वृद्धि दर में योगदान करने की क्षमता है। साथ ही हमारा बुनियादी ढांचे और ग्रामीण इलाके पर खर्च इसमें और इजाफा करेगा।' इस साल अच्छे मानसून की उम्मीद के संबंध में जेटली ने कहा, 'इसका अर्थ होगा कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी, ज्यादा खरीद शक्ति और ग्रामीण मांग में बढ़ोतरी।' वित्त वर्ष 2015-16 में दर्ज की गई वृद्धि के बारे में जेटली ने कहा कि कृषि और सेवा क्षेत्र में सुधार हुआ।

निवेशकों को आकर्षित करने के लिए छह दिन की यात्रा पर यहां आए जेटली ने कहा, 'ज्यादा अहम यह है कि उपभोक्ता मांग बढ़ी है और उपभोक्ता व्यय में बढ़ोतरी हुई है।'

उन्होंने जापान-भारत व्यापार सहयोग सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक बैठक के दौरान कहा, 'विश व में वृद्धि का रुझान लौटने पर उपभोक्ता व्यय बढ़ेगा। उम्मीद है कि मानसून भी बेहतर होगा और भारत में जो रुझान दिखा है वह और बेहतर हो सकता है। हम तेजी की ओर अग्रसर हैं, यह स्पष्ट दिखता है।' जेटली ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश विक अर्थव्यवस्था की प्रतिकूल परिस्थितियों और लगातार दो साल कमजोर मानसून के बावजूद पिछले वित्त वर्ष की हर तिमाही में सात प्रतिशत अथवा उससे अधिक वृद्धि दर्ज की है।

मुख्य तौर पर अपेक्षाकृत अधिक सार्वजनिक व्यय, भारत के निजी क्षेत्र और विदेशी निवेशकों द्वारा नरमी के दौरान भी अधिक निवेश के कारण ऐसा संभव हुआ। जेटली ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि जापानी निवेशक एवं कोष और अन्य एजेंसियां जो मुनाफे वाली जगह पर अपने संसाधन लगाना चाहती हैं वे भारतीय संभावनाओं पर जरूर विचार करेंगे। भारत निवेश के लिए लुभावना स्थान है।' उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र के अलावा विनिर्माण क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता है और यह अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को भारत की वृद्धि की संभावनाओं के लिए व्यापक अवसर प्रदान करता है।

भारत में निवेशकों को लचीलापन मिलेगा। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया पर जोर दिए जाने के साथ ही बुनियादी ढांचा और ग्रामीण क्षेत्रों में खर्च बढ़ने से वृद्धि आगे और तेज होगी। जेटली ने कहा, 'भारत में दुनिया के दूसरे जगहों के मुकाबले अच्छा रिटर्न की उम्मीद है। भारत में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं, यहां बड़ी मात्रा में निवेश की जरूरत है। निवेश की यह पेशकश काफी समय तक रहेगी क्योंकि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कमी दूर करनी है।'

उन्होंने कहा कि जापानी कंपनियां आज भारत में घरेलू नाम बन गई हैं। आटोमोबाइल से लेकर घरेलू सामान और दिल्ली मेट्रो सभी काफी प्रचलित हैं।

## सार समाचार

## गवर्नर राजन नहीं चाहते सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर रघुराम राजन ने संकेत दिया है कि सितंबर में कार्यकाल समाप्त होने के बाद वह इस पद पर नहीं बने रहना चाहते हैं। यह बात बुधवार को एक मीडिया रिपोर्ट में कही गई।

प्रमुख बांग्ला समाचार पत्र आनंदबाजार पत्रिका के मुताबिक राजन ने केंद्र सरकार को कहा है कि कार्यकाल समाप्ति के बाद वह अमेरिका वापस चले जाएंगे। राजन के करीबी सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अमेरिकी विश्वविद्यालय से जुड़ना चाहते हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पर शोध करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने राजन के विरुद्ध तीखी टिप्पणी की है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालांकि संकेत दिया है कि वह राजन को पद पर बनाए रखना चाहते हैं। भाजपा के कई नेताओं ने स्वामी की मांग पर सवाल उठाए हैं। माना जा रहा है कि वह पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की शह पर यह मांग कर रहे हैं। रिपोर्ट में कुछ अन्य सूत्रों के हवाले से यह भी कहा गया है कि मोदी गवर्नर को दो साल का सेवा विस्तार देने के पक्ष में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वित्त मंत्री अरुण जेटली ने भी मोदी को सुझाव दिया है कि यदि राजन को बर्खास्त किया जाएगा, तो दुनियाभर में नकारात्मक संदेश जाएगा।

## ब्रिक्स बैंक यूआन में जारी करेगा बांड

बीजिंग। ब्रिक्स देशों का नव विकास बैंक यूआन में बांड जारी करने जा रहा है। वास्तव में बैंक की भारतीय रुपए समेत स्थानीय मुद्राओं में और बांड जारी करने की योजना है। बैंक के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स) द्वारा गठित शंघाई स्थित बैंक की उभरते बाजारों तथा विकासशील देशों में टिकाउ विकास परियोजनाओं के वित्त पोषण की योजना है। बैंक के चेयरमैमन भारत के चर्चित बैंकर एम वी कामत हैं।

## सोना 150 रुपए चमका, चांदी 140 रुपए फीकी

**नई दिल्ली** ■ वार्ता/डेस्क

वैश्विक स्तर पर पीली धातु में आई तेजी के बीच स्थानीय मांग में सुधार से बुधवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 150 रुपए चढ़कर 29,000 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, कमजोर औद्योगिक मांग से चांदी 140 रुपए लुढ़ककर 38760 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई।

लंदन में सोना हाजिर एक डॉलर की बढ़त के साथ 1216 डॉलर प्रति औंस पर रहा। अगस्त का अमेरिकी सोना वायदा 1.4 डॉलर मजबूत होकर 1218.9 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि अन्य मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के कमजोर पड़ने तथा एशियाई शेयर बाजारों की गिरावट से सोना मजबूत हुआ है। लेकिन, इस महीने अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना से इस पर दबाव बना हुआ है। इस कारण इसकी बढ़त बेहद मामूली रही।

लंदन में चांदी हाजिर 15.99 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रही। स्थानीय बाजार में सोने की मांग में लगातार दूसरे दिन सुधार रहा। इससे सोना स्टैंडर्ड 150 रुपए चढ़कर 29,000 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही तेजी के साथ 140 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। हालांकि, आठ ग्राम वाली गिन्नी 22,900 रुपए पर स्थिर रही।

## सबसे तेज रहेगी भारत की वृद्धि दर

**पेरिस** ■ वार्ता

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने बुधवार को जारी आर्थिक परिदृश्य में वर्ष 2016 और 2017 के लिए जी-20 देशों में भारत की विकास दर सबसे ज्यादा रहने का अनुमान जाहिर किया है।

संगठन ने यहां जारी रिपोर्ट में कहा है कि सुस्त वैश्विक विकास के बीच साल 2016 में भारत की विकास दर 7.4 प्रतिशत और 2017 में मामूली बढ़कर 7.5 प्रतिशत रहेगी। उसने वर्ष 2015 की भारत की विकास दर भी 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जाहिर किया है जबकि मंगलवार को जारी शुरुआती सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में यह 7.6 प्रतिशत रही है।

ओईसीडी ने चीन की विकास दर 2015 के 6.9 प्रतिशत से घटकर इस साल 6.5 प्रतिशत रहने और अगले साल और गिरकर 6.2 प्रतिशत पर आ जाने का अनुमान जाहिर किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, चीन में अर्थव्यवस्था संतुलन की स्थिति तलाश रही है।

विकास दर 2016 में घटकर 6.5 प्रतिशत रह जाने तथा 2017 में कम होकर 6.2 प्रतिशत पर आ जाने का अनुमान है। भारत की विकास दर इस साल और अगले साल 7.5 प्रतिशत के आसपास बनी रहेगी। वहीं, कई उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में विकास की रफ्तार सुस्त पड़ रही है। रूस और ब्राजील में बड़ी मंदी जारी रहेगी। ब्राजील में विकास इस साल 4.3 प्रतिशत निगेटीव और अगले साल 1.7 प्रतिशत निगेटीव रहने का अनुमान है। ओईसीडी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था सुस्त विकास के भंवर में फंस गई है। इसे उबारने के लिए मिलकर तथा बड़े पैमाने पर वित्तीय, मौद्रिक एवं ढांचागत नीतियों की जरूरत है जिससे इसे तेज विकास के रास्ते पर लाया जा सके और युवाओं और बुजुर्गों दोनों के साथ किए गए वादे पूरे किए जा सकें।

ओईसीडी के महासचिव एंजेल गुरिया ने संगठन की वार्षिक मंत्री स्तरीय बैठक में यह रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, विकासित देशों में विकास सुस्त है। वर्ष 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था के खेवनहार रहे उभरती अर्थव्यवस्था वाले कई देशों में इसकी रफ्तार धीमी पड़ी है। धीमी उत्पादन वृद्धि दर तथा बढ़ती विषमता बड़ी चुनौतियां पेश करेंगे। निराशाजनक विकास के रास्ते से आगे बढ़ने के लिए तथा हमारी अर्थव्यवस्थाओं को उस स्तर तक ले जाने के लिए जहां हम सभी को जीवन स्तर उपलब्ध करा सकें, समेकित नीतिगत कार्रवाई की फौरी जरूरत है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कमजोर व्यापार वृद्धि दर, सुस्त निवेश, कम वेतन और महत्वपूर्ण उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में गतिविधियों के धीमा पड़ने से 2016 में भी वैश्विक विकास दर वर्ष 2015 की तरह तीन प्रतिशत पर रहेगी। हालांकि, वर्ष 2017 में इसके बढ़कर 3.3 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है।

## कॉल ड्रॉप: ट्राई ने मांगा जुर्माने का अधिकार

**नई दिल्ली** ■ भाषा/डेस्क




कॉल ड्रॉप की बढ़ती समस्या के बीच भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने सरकार से उसे मोबाइल ऑपरेटरों पर जुर्माना लगाने का अधिकार देने की मांग की है। कॉल ड्रॉप के मामले में ज्यादातर ऑपरेटर क्वालिटी बेंचमार्क पर नाकाम साबित हुए हैं। ट्राई के सचिव सुधीर गुप्ता ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में फैसला दिया है कि ट्राई के पास कॉल ड्रॉप के लिए ऑपरेटरों पर जुर्माना लगाने का अधिकार नहीं है। हम दूरसंचार विभाग को पत्र लिखकर ट्राई कानून में संशोधन के लिए कहेंगे, जिससे हमें अधिक अधिकार मिल सकें।' शीर्ष अदालत ने हाल में ट्राई के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें कॉल ड्रॉप के लिए ऑपरेटरों को यूजरों को एक रुपए प्रति कॉल की दर से मुआवजा देने का प्रबंध किया गया था। एक यूजर को एक दिन में अधिकतम तीन रुपए तक का मुआवजा मिलना था। फिलहाल यूजरों और दूरसंचार ऑपरेटरों के बीच विवाद के मामले उपभोक्ता अदालतें नहीं देखती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में अपने फैसले के जरिये उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत इस क्षेत्र के मामलों पर रोक लगाई हुई है। शीर्ष अदालत का कहना कि भारतीय टेलीग्राफ कानून के तहत इसके लिए विशेष राहत की व्यवस्था है। ट्राई ने आज 3 से 6 मई के दौरान दिल्ली में किए गए परीक्षण अभियान के नतीजे प्रकाशित किए। नियामक अगले 15 दिन में 12 और शहरों के नतीजे प्रकाशित करेगा। हालांकि, दूरसंचार ऑपरेटरों का दावा है कि उन्होंने अतिरिक्त मोबाइल टावर लगाकर अपने नेटवर्क में सुधार किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'एयरटेल और एमटीएनएल के सभी 3जी नेटवर्क, 2जी नेटवर्क तथा आरकॉम के सीडीएमए नेटवर्क का प्रदर्शन पिछले परीक्षण से भी खराब हुआ है।'

## टाटा स्टील ने लॉन्ग प्रोडक्ट कारोबार बेचा

**मुंबई।वार्ता/डेस्क।** निजी क्षेत्र की प्रमुख स्टील निर्माता कंपनी टाटा स्टील की ब्रिटिश इकाई टाटा स्टील यूके ने वैश्विक निवेश कंपनी ग्रेबुल कैपिटल को अपना यूरोपीय लॉन्ग प्रोडक्ट्स कारोबार बेचने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। कंपनी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि पिछले बारह महीने के दौरान उसके यूरोपीय लॉन्ग प्रोडक्ट्स कारोबार ने कर्मचारियों और ट्रेड यूनियन के प्रतिबद्ध समर्थन की बदौलत परिसंपत्ति की पुनर्संरचना सहित कई तरह के बदलाव लागू किए हैं। टाटा स्टील यूके के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और यूरोपीय लॉन्ग प्रोडक्ट्स कारोबार के कार्यकारी निदेशक विमलेंद्र झा ने कहा, बतौर जिम्मेदार विक्रेता कंपनी को अपने कारोबार की बिक्री प्रक्रिया पूरी करने की खुशी है।

## विमान ईंधन नौ फीसदी महंगा

**नई दिल्ली।** तेल मार्केटिंग कंपनियों ने बीती आधी रात से विमान ईंधन की कीमत में नौ फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी कर दी है। देश की सबसे बड़ी तेल मार्केटिंग कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) ने बताया कि दिल्ली में घरेलू विमान सेवा कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 9.22 प्रतिशत (3,945.47 रुपए) बढ़ाकर 46,729.48 रुपए प्रति किलोलीटर कर दी गई है। पहले यह 42,784.01 रुपए प्रति किलोलीटर था। उल्लेखनीय है कि विमान ईंधन के साथ बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलिंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमत भी 21 रुपए बढ़ाई गई है जबकि पेट्रोल 2.58 रुपए और डीजल 2.26 रुपए प्रति लीटर महंगा किया गया है।

## आम और खास को महंगाई का डंक

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

महंगाई का असर आम हो या खास आदमी सभी की जेब पर आज से पड़ने लगा। कई सेवाओं पर सेवा कर में बढ़ोतरी से जहां ये महंगी हो जाएंगी वहीं पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से आने वाले दिनों में महंगाई का असर अन्य चीजों पर भी दिखेगा।

तेल विपणन कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों के अनुरूप बीच रात से पेट्रोल 2.58 रुपए और डीजल 2.26 रुपए प्रति लीटर महंगा कर दिया है। पिछले 15 दिन में दोनों की कीमतों में यह दूसरी बार वृद्धि है। डीजल के दाम बढ़ने से आने वाले दिनों में वस्तुओं के आवागमन की लागत पर असर होगा जिससे महंगाई बढ़ सकती है। सरकार ने कृषि कल्याण उपकर के रूप में आम बजट में आधा प्रतिशत सेवा कर बढ़ाने का फैसला किया था। यह बढ़ोतरी बुधवार से लागू हो गई है। उसकी वजह से फिल्म देखना, घर से बाहर खाना-पीना, हवाई और रेलवे के एयर कंडिशन क्लास में यात्रा, फोन करना, बीमा और संपत्ति की खरीद- बिक्री महंगी हो जाएगी। सरकार ने 10 लाख रुपए से अधिक की कीमत वाली कारों पर एक प्रतिशत का विलासिता कर लगाया है। इसकी वसूली एक्स शो रूम के दाम पर होगी। हालांकि बजट में दो लाख रुपए मूल्य के जेवरात खरीदने पर एक प्रतिशत टीसीएस लगाया गया था लेकिन सरकार ने इसे वापस ले लिया। अब यह पांच लाख से अधिक की कीमत पर वसूला जाएगा।

सेवा कर बढ़ने से बैंक ड्राफ्ट, मनी ट्रांसफर, एसएमएस अलर्ट जैसी सुविधाएं, बिजली और पानी के बिल, माल ढुलाई, पंडाल और कैटरिंग सेवाएं और ब्यूटीपार्लर भी जाना महंगा हो जाएगा।

**BRISK SERVICES LIMITED**

Registered Office : SF-28, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi – 110019,
Website: briskservices.co.in, Phone: 011 – 4367 5500, Email id: brisk1983@gmail.com
CIN : L74140DL1983PLC016646

**Extract from the Audited Financial Results for the Quarter and year ending 31st March, 2016 (In Lacs)**

Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016 Amt. In Lakh

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Dec-15 Unaudited | 31-Mar-15 (Audited) | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Mar-15 (Audited) |
| 1. Total Income from Operations (net) | 3.66 | 0.17 | - | 4.16 | 3.16 |
| 2. Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax and Minority Interest | 1.64 | -0.62 | -0.15 | -0.15 | -5.06 |
| 3. Net Profit / (Loss) for the period after tax and Minority Interest (after Extraordinary Items) | 13.76 | -0.62 | 0.34 | 12.08 | -5.06 |
| 4. Paid Up Equity Share Capital | 74.48 | 74.48 | 74.48 | 74.48 | 74.48 |
| 5. Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the BalanceSheet of previos year) | 158.27 | - | 146.20 | 158.27 | 146.20 |
| 6. Earning Per Share (E.P.S.) | 1.85 | -0.06 | 0.05 | 1.62 | -0.68 |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items: | 1.85 | -0.06 | 0.05 | 1.62 | -0.68 |
| Basic & Diluted EPS after Extraordinary items: | 1.85 | -0.06 | 0.05 | 1.62 | -0.68 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Annual Financial Results are available on the Company's Website at a link at www.briskservices.co.in

On Behalf of the Board of Directors
For Brisk Services Limited
Sd/-
Sipendra Kumar
(Director)
DIN : 06909279

Place : New Delhi
Date: 30th May 2016

**DISTINCTIVE PROPERTIES AND LEASING LIMITED**

Registered Office : SF-28, Devika Tower, 6, Nehru Place, New Delhi – 110019,
Website: distinctiveproperties.co.in, Phone: 011 – 4367 5505, Email id: distinctivepro1984@gmail.com
CIN : L70101DL1984PLC018194

**Extract from the Audited Financial Results for the Quarter and year ending 31st March, 2016 (In Lacs)**

Standalone Audited Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016 Amt. In Lakh

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Dec-15 Unaudited | 31-Mar-15 (Audited) | 31-Mar-16 (Audited) | 31-Mar-15 (Audited) |
| 1. Total Income from Operations (net) | 6.73 | 0.00 | 3.25 | 6.73 | 5.14 |
| 2. Net Profit/ (Loss) from ordinary activities before tax and Minority Interest | 4.26 | -1.19 | 0.08 | 0.59 | -6.20 |
| 3. Net Profit / (Loss) for the period after tax and Minority Interest (after Extraordinary Items) | 12.90 | -0.04 | 0.14 | 9.23 | -6.20 |
| 4. Paid Up Equity Share Capital | 99.73 | 99.73 | 99.73 | 99.73 | 99.73 |
| 5. Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the BalanceSheet of previos year) | 168.21 | 0.00 | 159.07 | 168.21 | 159.07 |
| 6. Earning Per Share (E.P.S.) | 1.29 | 0.00 | 0.01 | 0.93 | -0.62 |
| Basic & Diluted EPS before Extraordinary items: | 1.29 | 0.00 | 0.01 | 0.93 | -0.62 |
| Basic & Diluted EPS after Extraordinary items: | 1.29 | 0.00 | 0.01 | 0.93 | -0.62 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Annual Financial Results are available on the Company's Website at a link at www.distinctiveproperties.co.in

On Behalf of the Board of Directors
For Distinctive Properties and Leasing Limited
Sd/-
Aru Bahuguna
(Director)
DIN : 00471958

Place : New Delhi
Date: 30th May 2016

**DIVINUS FABRICS LIMITED**

R.O.: Plot No. 15, B-2, D Block Market, Vivek Vihar, Delhi 110095
Email Id: divinus.fabrics@gmail.com, Website: www.divinusfabrics.com, Tel. No. 011-43536697
CIN: L51909DL1984PLC019733

**Extract of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016**

(In Lacs except EPS)

| Particulars | Year ended 31.03.2016 (AUDITED) | Year ended 31.03.2015 (AUDITED) | 3 months ended in the previous year 31.03.2015 (AUDITED) |
|---|---|---|---|
| Total Income from Operations (Net) | 338.89 | 510.38 | 187.96 |
| Net profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 2.74 | 5.35 | 3.36 |
| Net profit / (Loss) for the period after tax (After Extraordinary items) | 2.74 | 5.35 | 3.36 |
| Equity Share capital | 445.70 | 445.70 | 445.70 |
| Reserve (excluding reveluation reserve as shown in the balance sheet in previous year) | 26.36 | 21.31 | - |
| Earning per Shares (before extra ordinary items) (of Rs 10 /- each ) Basic and Diluted: | 0.06 | 0.12 | 0.08 |
| Earning per Shares (after extra ordinary items) (of Rs 10/- each ) Basic and Diluted: | 0.06 | 0.12 | 0.08 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results are available on Stock Exchange websites. (http://www.bseindia.com/stock-share-price/divinus-fabrics-ltd/divinus/538432/)
2. The above Audited financial results for the quarter and year ended on 31.03.2016 have been reviewed by the Audit committee of the board and have been apporved by the Board at their meeting held on 30.05.2016
3. There are no Separate Reportable Segment in terms of Accounting Standard AS-17 "Segment Reporting issued by the Institute of Chartered Accountants of India.
4. Previous period figure has been regrouped/rearranged wherever necessary.

For Divinus Fabrics Limited
Sd/-
Gagan Anand
Managing Director
DIN: 06957651

Place: New Delhi
Date : 31.05.2016

**KALPA COMMERCIAL LIMITED**

R.O.: WB-12B, GALI NO.1, GROUND FLOOR, SHAKARPUR, DELHI 110092
Email Id: info@kalpacommercial.com, Website: www.kalpacommercial.in, Tel. No. 011-65260012
CIN: L74899DL1985PLC022778

**Extract of Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year ended March 31, 2016**

(In Lacs except EPS)

| Particulars | Year ended 31.03.2016 (AUDITED) | Year ended 31.03.2015 (AUDITED) | 3 months ended in the previous year 31.03.2015 (AUDITED) |
|---|---|---|---|
| Total Income from Operations (Net) | 527.19 | 770.58 | 233.66 |
| Net profit / (Loss) from ordinary activities after tax | 11.60 | 8.01 | 2.23 |
| Net profit / (Loss) for the period after tax (After Extraordinary items) | 11.60 | 8.01 | 2.23 |
| Equity Share capital | 1025.00 | 1025.00 | 1025.00 |
| Reserve (excluding reveluation reserve as shown in the balance sheet in previous year) | 4205.58 | 4197.71 | - |
| Earning per Shares (before extra ordinary items) (of Rs 10 /- each ) Basic and Diluted: | 0.11 | 0.08 | 0.02 |
| Earning per Shares (after extra ordinary items) (of Rs 10/- each ) Basic and Diluted: | 0.11 | 0.08 | 0.02 |

Note:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Results are available on Stock Exchange websites. (http://www.bseindia.com/stock-share-price/kalpa-commercial-ltd/kalpacomme/539014/)
2. The above Audited financial results for the quarter and year ended on 31.03.2016 have been reviewed by the Audit committee of the board and have been apporved by the Board at their meeting held on 30.05.2016
3. There are no Separate Reportable Segment in terms of Accounting Standard AS-17 "Segment Reporting issued by the Institute of Chartered Accountants of India.
4. Previous period figure has been regrouped/rearranged wherever necessary.

For Kalpa Commercial Limited
Sd/-
Saurabh Jain
Managing Director
DIN: 07261815

Place: New Delhi
Date : 31.05.2016